पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
CIN:- U40101UR2004SGC028675
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
E-mail:- hr@ptcul.org
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाइट www.ptcul.org

पत्रांक 966 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/जी–4 दिनांक : 04.06.2026

विषयः–मौसम सम्बन्धित चेतावनियों के प्रसारण हेतु "सचेत" एप्प (SACHET) के उपयोग के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र पर की गयी कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक,
समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक,
कम्पनी सचिव,
समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल, ..............।

कृपया उपरोक्त विषयक अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून के पत्र संख्या 448/ (यूएसडीएम)/2026 दिनांक 02 जून, 2026 के साथ संलग्न उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून के पत्र दिनांक 164/USDMA(2025), दिनांक 27.04.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय द्वारा विकसित"सचेत एप्प (SACHET)" को डाउनलोड कर उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं।

अतः आपको उक्त पत्रों की छायाप्रतियां इस आशय के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि आप स्वयं "सचेत एप्प (SACHET)" को अपने मोबाईल पर डाउनलोड कर अपने अधीनस्थ कार्मिकों (संविदा कार्मिकों एवं सुरक्षाकर्मियों सहित) से भी उक्त "सचेत एप्प (SACHET)" को अपने मोबाईल में तत्काल डाउनलोड करवाते हुये पत्र संख्या 448/(यूएसडीएम)/2026 दिनांक 02 जून, 2026 में वांछित सूचना **श्री बलवन्त सिंह पांगती, अधीक्षण अभियन्ता, नोडल अधिकारी आपदा, पिटकुल, देहरादून** को निम्नवत् ई–मेल पते पर दिनांक 05.06.2026 तक अवश्यमेव उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

**ई–मेल पता–director_project@ptcul.org**

**संलग्नः–यथापरोक्त**

**(अशोक कुमार जुयाल)**
**महाप्रबन्धक(मा0सं0)**

**पत्रांकः /मा0सं0एवंप्र0अनु0/पिटकुल/जी–4 तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव/डा0ए0ऑ0–निदेशक (मा0सं0)/(परिचालन)/(परियोजना)/(वित्त), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता, सम्बद्ध–निदेशक (परियोजना) कार्यालय/नोडल अधिकारी आपदा, पिटकुल, देहरादून को इन निर्देशों के साथ प्रेषित कि शासन के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा वांछित सूचना पिटकुल के समस्त कार्यालयों से प्राप्त करने के उपरान्त उक्त सूचना को संकलित कर शासन को उपलब्ध कराते हुये कृत कार्यवाही की आख्या से इस कार्यालय को भी अवगत करना सुनिश्चित करें।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0–द्वितीय), पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को कारपोरेशन की वैबसाईट पर प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करें।

**(अशोक कुमार जुयाल)**
**महाप्रबन्धक(मा0सं0)**

पत्रांक संख्या –448/ (यूएसडीएम)/2026

DR(HR)-PTCUL
CPO-UREDA
कृ० आवश्यक कार्यवाही हेतु

प्रेषक,

**अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन),**
उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
36 आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड देहरादून।

सेवा में,

1– समस्त प्रमुख सचिव/विशेष प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव उत्तराखण्ड शासन।
2– पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड देहरादून।
3– प्रमुख वन संरक्षण (**FoFF**) उत्तराखण्ड।
4– आयुक्त, गढ़वाल एवं कुमॉऊ मण्डल, उत्तराखण्ड।
5– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
6– समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।

03/6/26
प्रबन्ध निदेशक
पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन
ऑफ उत्तराखण्ड लि०, देहरादून
निदेशक – UREDA

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादून दिनांकः02 ~~मई~~ जून 2026

**विषयः– मौसम सम्बन्धित चेतावनियों के प्रसारण हेतु "सचेत" एप्प (SACHET) के उपयोग के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र पर की गई कार्यवाही आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय के पत्र **संख्या–164 /USDMA (2025)**, दिनांक 27 अप्रैल, 2025 (**E-File No-85556**) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **"सचेत ऐप्प (SACHET)"** को डाउनलोड कर उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में आपके स्तर से की गई कार्यवाही/प्रगति आख्या निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो आतिथि अप्राप्त है।

| **क्र0सं0** | अधिकारी/कर्मचारी का का नाम | पद नाम | मोबाई नं0 | सचेत एप डाउनलोड करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| कुल योग | | | | |

अतः उपरोक्त सदंर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए पुनः अनुरोध है कि विषयगत प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आपके स्तर से की गई कार्यवाही/प्रगति

आख्या निर्धारित प्रारूप पर यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धितो को निर्देशित करने का कष्ट करें। ताकि विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में ससमय अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

संलग्नक—यथोक्ति।

Digitally signed by
Mahaveer Singh Chauhan
Date: 02-06-2026
15:30:53

भवदीय,

(महावीर सिंह चौहान)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)
यू0एस0डी0एम0ए0।

संख्या एवं तिथि उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिनखित को सूचनार्थ प्रेषितः—

1—सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।

2—निजी सचिव, मा0 मंत्री जी आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ ।

3—वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महदोय के संज्ञानार्थ।

4—सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास, उत्तराखण्ड शासन/उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण देहरादून।

5—अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियावन्यन), यू0एस0डी0एम0ए0, देहरादून।

6—प्रभारी/समस्त मास्टर ट्रेनर, राज्य आपकालीन परिचालन केन्द्र को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार प्राप्त सूचना को संकलित करते हुये प्रत्येक शनिवार को प्रातः 10.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

7—समस्त जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारियों, उत्तराखण्ड इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अपने जनपद में उपरोक्त हेतु समुचित कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

8—सम्बन्धित पत्रावली।

(महावीर सिंह चौहान)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन)।

E-File N: 85556

Dispatch No-... USDMA (2025)

164

प्रेषक,

सचिव,

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,

36–आई0टी0 पार्क, देहरादून।

सेवा में,

1– समस्त प्रमुख सचिव/विशेष प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन।

2– पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, देहरादून।

3– प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

4– आयुक्त, गढ़वाल एवं कुमाऊँ मण्डल, उत्तराखण्ड।

5– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

6– समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादूनः दिनांकः 27 अप्रैल, 2026

विषयः– मौसम का पूर्वानुमान/चेतावनी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित सचेत (SACHET) ऐप को डाउनलोड कर उपयोग में लाये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि दिनांक 13 अप्रैल, 2026 को मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आयोजित ग्रीष्मकाल/ Heat Wave से सम्बन्धित समीक्षा बैठक के दौरान "सचेत ऐप" के बारे में भी चर्चा की गयी तथा उत्तराखण्ड में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सचेत ऐप डाउनलोड करने के लिए विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

2– हम सभी अवगत हैं कि मौसम के प्रतिकूल होने की स्थिति में लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आमजनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि उन्हें वास्तविक समय पर मौसम का पूर्वानुमान/चेतावनियाँ ससमय प्राप्त होती रहें, जिससे कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

3– राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा CAP (Common Alerting Protocol) आधारित "सचेत ऐप" विकसित किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से आमजन को विभिन्न आपदाओं जैसे अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, वनाग्नि, हिमस्खलन, तूफान, बाढ़ एवं चक्रवात आदि के संबंध में पूर्वानुमान एवं चेतावनियां समय से उपलब्ध कराई जाती हैं।

4– इस चेतावनी प्रणाली के अंतर्गत विभिन्न पूर्वानुमान करने वाले संस्थानों/विभागों, जैसे भारत मौसम विभाग (IMD), रक्षा भू–सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान (DGRE), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) तथा भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) द्वारा जारी सूचनाओं को राज्य स्तर पर उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (SEOC) के माध्यम से आमजन तक भू–लक्षित (Geo-targeted) एसएमएस एवं मोबाइल ऐप के जरिए प्रसारित किया जाता है।

5– "सचेत" पोर्टल/ऐप में चेतावनियों की गंभीरता को विभिन्न रंगों के माध्यम से दर्शाया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| S.No | LEGENDS | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | NO WARNING<br>*(NO ACTION)* | हरा रंग "No Warning" का संकेत है। हरें रंग के माध्यम से चेतावनी जारी होने पर किसी प्रकार की कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |
| 2 | YELLOW ALERT<br>WATCH<br>*(BE AWARE)* | पीला रंग "Be Aware" का संकेत है। पीले रंग के माध्यम से चेतावनी जारी होने पर सावधान रहने की आवश्यकता होती है। |
| 3 | ORANGE ALERT<br>(BE PREPARED TO TAKE ACTION) | नारंगी रंग "Be prepared for potential disruptions and impacts" का संकेत है। नारंगी रंग के माध्यम से चेतावनी जारी होने पर जनता को संभावित व्यवधानों और प्रभावों के लिए "तैयार रहने" की सलाह दी जाती है। |
| 4 | RED ALERT<br>WARNING<br>*(TAKE ACTION)* | लाल रंग "High Risk of Severe Impacts and Urging the Public to Take Action" का संकेत है। लाल रंग की चेतावनी जारी होने पर अत्यधिक खतरे की सम्भावना रहती है। लाल रंग का संकेत गंभीर स्थिति की चेतावनी देता है। इसमें अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता रहती है। |

6– सचेत ऐप डाउनलोड किये जाने पर निम्न प्रकार की सूचनायें/मौसम पूर्वानुमान/चेतावनी लगातार मिलती रहती है–

i. ससमय मौसम का पूर्वानुमान/चेतावनियों प्राप्त होती रहती हैं।

ii. सचेत ऐप के माध्यम से 12 विभिन्न भाषाओं जैसे अंग्रेजी, हिन्दी, आसामी, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलियालम, मराठी, उडिया, पंजाबी, तमिल एवं तेलगू में मौसम पूर्वानुमान/चेतावनियाँ प्राप्त होती रहती हैं। भाषा का चयन सचेत ऐप प्रयोगकर्ता द्वारा किया सकता है।

iii. IMD/FSI/DGRE/CWC अथवा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जिस स्थान विशेष के लिए पूर्वानुमान/चेतावनी जारी की जाती है, उस क्षेत्र में चेतावनी के समय जितने भी मोबाईल फोन सक्रिय रहते हैं, उन सभी पर सचेत एप नोटिफिकेशन के माध्यम से भी पूर्वानुमान/चेतावनियाँ प्रसारित होती रहती है।

iv. आम जनमानस भी SACHET MOBILE APP तथा SACHET डेशबोर्ड के माध्यम से पूर्वानुमान/चेतावनियों की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

v. सचेत ऐप के माध्यम से देश के किसी भी राज्य /स्थान से सम्बन्धित क्षेत्र के बारे में 07 दिनों का मौसम पूर्वानुमान को देखा जा सकता है।

vi. आपदा से बचने के लिए, आपदा के दौरान तथा आपदा के पश्चात् क्या करें ? क्या ना करें ? से सम्बन्धित विभिन्न भाषाओं में जन–जागरूकता हेतु Advisory तथा वीडियो क्लिप्स सचेत ऐप में दिये गए हैं। इन्हें आवश्यकतानुसार देखा जा सकता है।

vii. रेड एलर्ट की स्थिति में गंभीर रूप से मौसम के प्रतिकूल होने/अतिवृष्टि की संभावना होने की स्थिति में ऐसे मोबाइल जिनमें सचेत ऐप डाउनलोड रहता है, उनमें कुछ सेकण्ड तक बीप की आवाज के साथ–साथ सचेत ऐप पर मैसेज भी आता है। यह अत्यधिक खतरे का संकेत होता है। ऐसी स्थिति में सचेत ऐप उपयोगकर्ता को किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी चाहिए।

7– उत्तराखण्ड के सभी निवासियों, सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा उत्तराखण्ड भ्रमण पर आने वाले सभी पर्यटकों/तीर्थयात्रियों/श्रद्धालुओं के मोबाइल में सचेत ऐप डाउनलोड रहने की स्थिति में उन्हें ससमय मौसम का पूर्वानुमान/एलर्ट प्राप्त होते रहेंगे, जिससे उनके द्वारा अपना तथा अपने परिजनों का बचाव किया जाना संभव हो सकेगा।

8– इस हेतु एक अभियान चलाकर उत्तराखण्ड के सभी निवासियों तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के मोबाइल में सचेत ऐप डाउनलोड कराया जाना उचित प्रतीत होता है। इस हेतु निम्न कार्यवाही किये जाने पर विचार किया जा सकता है –

i. सभी विभागों में विशेष अभियान चलाते हुए अनिवार्य रूप से सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सचेत ऐप डाउनलोड कराया जाय।
ii. सभी विभागों में सचेत ऐप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड (QR Code) प्रदर्शित किया जाय। स्वागत कक्ष (Receptation Counter) पर अथवा उपयुक्त स्थान पर इस हेतु बैनर/होर्डिंग्स/पोस्टर लगाया जा सकता है।
iii. विभागों में भ्रमण करने वाले आगन्तुकों को सचेत ऐप के लाभ से अवगत कराया जाय तथा उनसे सचेत ऐप डाउनलोड करने का अनुरोध किया जाय।
iv. विभागीय स्तर पर बनाये गये विभिन्न प्रकार के व्हाटस ऐप ग्रुप अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से भी सचेत ऐप डाउनलोड किये जाने हेतु कार्यवाही की जा सकती है।

9– SACHET Application (CAP) के अन्तर्गत दो मोडयूल तैयार किये गये हैं, जिसमें एक वेब पोर्टल तथा दूसरा मोबाइल ऐप है।

(i) SACHET-CAP National Disaster Alert Portal:- सचेत डैशबोर्ड के माध्यम से भी आम जनमानस तक पूर्वानुमान/चेतावनियों को दर्शाया जाता है, जिससे आने वाले खतरों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। https://sachet.ndma.gov.in/ लिंक के माध्यम से सचेत डैशबोर्ड को देखा जा सकता है।

(ii) SACHET MOBILE APP:- सचेत मोबाईल ऐप के माध्यम से भी मौसम पूर्वानुमान/चेतावनियों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। SACHET MOBILE APP को डाउनलोड हेतु निम्न लिंक है:–

- CAP Mobile App (Sachet): For Android:bit.ly/3Fb3oxz
- CAP Mobile App (Sachet): For IOS:apple.co/3yweV3f
- उक्त एप्प क्यू–आर कोड के माध्यम से डाउनलोड कर उपयोग में लाया जा सकता है।

एण्ड्रॉयड

आईओएस

10– सचेत मोबाईल ऐप (SACHET MOBILE APP) डाउनलोड करने के लिए विभिन्न विभागों को सहायता/सहयोग प्रदान करने के लिए उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के स्तर प्रत्येक बुधवार को प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी प्रदान की जायेगी। इच्छुक विभाग राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के दूरभाष नम्बर 0135–2664315 तथा मोबाइल नम्बर 821886005 तथा 9058441404 पर सम्पर्क करते हुए वी0सी0 का लिंक प्राप्त कर सकते हैं तथा सचेत ऐप डाउनलोड करने की प्रकिया तथा इसके बारे में अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस कम में उपरोक्त सभी अधिकारियों से सादर अनुरोध है कि कृपया अपने विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनिवार्य रूप से सचेत एप डाउनलोड करवाये जाने, इस हेतु Dedicated Help Desk बनाये जाने, आपके कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों को भी इस एप के सम्बन्ध में जानकारी देने हेतु समुचित कार्यवाही कराने का कष्ट करायें।

यह भी अनुरोध है कि आपके अधिकार क्षेत्र में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से उपरोक्तानुसार उनके मोबाइल में सचेत ऐप डाउनलोड कराते हुए निम्न प्रारूप पर सूचना उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, 36, आई0टी0 पार्क, सहस्रधारा रोड, देहरादून को यू0एस0डी0एम0ए0 के मेल आई0डी0 seoc.dmmc@gmail.com पर सूचित करने का कष्ट करें।

सचेत ऐप डाउनलोड कराये जाने की सूचना प्रेषित किये जाने हेतु प्रारूप

i. सम्बन्धित कार्यालय में कुल अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या –
ii. सचेत ऐप डाउनलोड करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या –
iii. सचेत ऐप डाउनलोड करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रारूप पर प्रेषित किया जाय –

| क्र0सं0 | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पद नाम | मोबाईल नम्बर | सचेत ऐप डाउनलोड करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| | | | | |
| कुल योग | | | | |

Digitally signed by
Vinod Kumar Suman
Date: 23-04-2026
19:53:05

भवदीय

(विनोद कुमार सुमन)
सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
3. वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन/कियान्वयन), यू०एस०डी०एम०ए०, देहरादून।
5. प्रभारी/समस्त मास्टर ट्रेनर, राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार प्राप्त सूचना को संकलित करते हुए प्रत्येक शनिवार को प्रातः 10.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
6. समस्त जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अपने जनपद में उपरोक्त हेतु समुचित कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

(विनोद कुमार सुमन)
सचिव